✳ प्रश्न-अभ्यास ✳

पाठ से—

प्रश्न 1. यह कहानी आपको कैसी लगी? इस संबंध में आप अपने तर्क (विचार) दें।

उत्तर—यह कहानी रोचक तथा मनोरंजक है। इस कहानी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पाठक की रुचि कहानी पढ़ने में आदि से अन्त तक बनी रहती है। तेनालीराम की बुद्धि के आगे सेठजी की चालाकी नहीं चली और उन्हें अन्त में अपनी हार माननी ही पड़ी।

प्रश्न 2. इसका कौन-सा पात्र अच्छा लगा और क्यों ?

उत्तर—वैसे तो इस कहानी में कुल चार ही पात्र हैं पर तेनालीराम की भूमिका सर्वोपरि है। तेनालीराम के कारण ही कहानी आगे बढ़ती है और उसका सुखदायी अन्त होता है अन्यथा कहानी का बीच में ही अन्त हो जाता और अन्त दुखदायी होता क्योंकि चित्रकार को अपने परिश्रम का फल नहीं मिलता।

प्रश्न 3. तेनालीराम ने इस घटना की खबर राजा को दी तो क्या हुआ?

उत्तर—इस घटना की खबर तेनालीराम ने राजा कृष्णदेव राय को दी। राजा इसे सुनकर लोट-पोट हो गये। वे अपनी हँसी रोक नहीं पाये।

प्रश्न 4. "एक कौड़ी-खर्च करने में उसकी जान निकलती थी।" इस वाक्य का आशय स्पष्ट कीजिये।

उत्तर—कंजूसों के लिये पैसा सब कुछ होता है। इस संबंध में एक कहावत है कि "चमड़ी जाय तो जाय पर दमड़ी बची रहे।" एक कौड़ी खर्च करने में उनकी जान निकल जाने की नौबत आ जाती है। राजा कृष्णदेव राय के राज्य में भी एक ऐसा ही धनी सेठ था जो पैसे को हाथ से निकलना सहन नहीं कर सकता था।

प्रश्न 5. रिक्त स्थानों को भरिए।

(क) कंजूस सेठ ने चित्रकार से .... देने का वादा किया।

(ख) यह कहानी राजा .... के राज्य की है।

(ग) चित्रकार ने .... से सलाह ली।

(घ) एक दिन चित्रकार .... लेकर सेठ के पास पहुँचा।

(ङ) तेनालीराम राजा कृष्णदेव राय के दरबार में .... थे।

उत्तर—(क) उसके चित्र के लिये सौ स्वर्ण मुद्राएँ, (ख) कृष्णदेव राय, (ग) तेनालीराम, (घ) तेनालीराम के कहे अनुसार आईना, (ङ) विदूषक।

पाठ से आगे—

प्रश्न 1. चित्रकार की जगह आप होते तो क्या करते?

उत्तर—चित्रकार की जगह कोई भी दूसरा व्यक्ति होता तो निराश होकर बैठ जाता और दो-तीन प्रयास के बाद बनाये चित्र को कंजूस सेठ के घर छोड़कर आ जाता।

प्रश्न 2. गप्प लगाने से नुकसान ज्यादा होता है या फायदा ? पाँच वाक्यों में लिखिए।

उत्तर—गप्प लगाने का आधार ज्यादातर झूठ होता है। झूठ के पाँव नहीं होते। झूठ अपने बल पर बहुत देर तक टिक नहीं पाता।

अत: बराबर गप्प लगाने वाला व्यक्ति अपने मित्रों के सामने बहुत प्रभाव डालने में विफल हो जाता है क्योंकि सच्चाई प्रकट हो जाती है। गप्प लगाने से नुकसान ज्यादा होता है फायदा बिलकुल नहीं।

प्रश्न 3. बार-बार कंजूस सेठ द्वारा अपना चेहरा बदल लेने के बाद चित्रकार को सलाह किसने दी ? दी गई सलाह का क्या परिणाम हुआ ?

उत्तर—चित्रकार कंजूस सेठ की चालाकी से हतप्रभ हो गया था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह क्या करें। फिर वह तेनालीराम के पास गया और अपनी समस्या बतायी। तेनालीराम ने ही चित्रकार को आईना लेकर जाने के लिये कहा जिसमें कंजूस सेठ को अपना सही चेहरा दिखाई दे। कंजूस सेठ का असली चेहरा स्वयं प्रकट हो गया और उसे अपनी हार मानने को मजबूर होना पड़ा। यह सलाह उस स्थिति में सबसे अच्छी थी और उसका सही प्रभाव पड़ा।

व्याकरण

प्रश्न 1. बॉक्स में दिए गए शब्दों को संज्ञा के विभिन्न भेदों में छाँटकर लिखिए।

कृष्णदेव राय, चित्रकार, तेनालीराम, पानी, आईना, लोग, कंजूसी, दूध, ईमानदारी, गाय, पढ़ना, वर्ग, चीनी, गाय, हिमालय, मेला।

उत्तर—(क) जातिबाचक संज्ञा : चित्रकार, गाय, आईना
(ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा : कृष्णदेव राय, तेनालीराम, हिमालय।
(ग) भाववाचक संज्ञा : कंजूसी, ईमानदारी
(घ) द्रव्यवाचक संज्ञा : पानी, दूध, चीनी।
(ङ) समूहवाचक संज्ञा : लोग, वर्ग, मेला
पढ़ना क्रिया है; संज्ञा नहीं।

प्रश्न 2. इन मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें—
पानी-पानी होना, काम चाँदी होना, हँसते-हँसते लोट पोट होना, हिम्मत करना, भौचंक रह जाना।

उत्तर—

1. **पानी-पानी होना** : सच्चाई प्रकट होने पर रणधीर पानी-पानी हो गया।
2. **काम चाँदी होना** : पैसा मिलते ही उसका काम चाँदी हो गया।
3. **हँसते-हँसते लोट-पोट होना** : बच्चे की बात सुनते ही घर के सभी लोग हँसते-हँसते लोट-पोट हो गये।
4. **हिम्मत हारना** : बाधा आने पर भी मनुष्य को हिम्मत नहीं हारना चाहिये।
5. **भौचंक रह जाना** : परीक्षा में असफल हो जाने की सूचना पाकर वह भौंचक रह गया।

प्रश्न 3. इनके विपरीतार्थक शब्द लिखिए—
अपार, नया, निराशा, समझ, देर, सही।

उत्तर—

अपार - सीमित **निराशा** - आशा **देर** - शीघ्र

नया - पुराना **समझ** - नासमझ **सही** - गलत

प्रश्न 4. निम्न शब्दों से वाक्य बनाइए—

चित्रकार, पत्रकार, कलाकार, सलाहकार, नाटककार।

उत्तर—

1. **चित्रकार** : भारत में अनेक अच्छे चित्रकार हैं।
2. **पत्रकार** : पत्रकार बनकर आप यश कमा सकते हैं।
3. **कलाकार** : अच्छे कलाकार का सभी सम्मान करते हैं।
4. **सलाहकार** : सलाहकार बनना गौरव की बात है।
5. **सरकार** : सरकार का गठन शासन चलाने के लिये होता है।

कुछ करने को—

प्रश्न 1. तेनालीराम की ही तरह बीरबल और गोनू झा के किस्से भी प्रचलित हैं। अपनी कक्षा में वैसे किस्से सुनाइए।

उत्तर—उत्तर—[इनके प्रचलित किस्से, छात्र एकत्रित करें और अपने साथियों को कक्षा में सुनायें।]

बीरबल, अकबर के दरबार के नवरत्नों में एक थे। बीरबल की बुद्धिमानी के किस्से उसके राज्य में अत्यन्त प्रचलित थे। अकबर और बीरबल के बीच होने वाले नोंक-झोंक की कहानियाँ भी लोगों के बीच कहे और सुने जाते थे। एक दिन अकबर ने बीरबल को हराने की सोची जब दरबार लगा था, महाराज अकबर ने एक श्याम-पट (ब्लैकबोर्ड) पर खली से एक रेखा खींच दी और बीरबल को आदेश दिया कि इस रेखा को बिना काटे या छाँटे छोटी कर दो। पर यह कैसे सम्भव था? सब लोक चकित थे। आज तो बीरबल की खैरियत नहीं थी। इस बीच बीरबल उठे और अकबर द्वारा खींची रेखा के नीचे एक बड़ी रेखा खींच दी। अकबर द्वारा खींची रेखा छोटी हो गयी। दरबारी, बीरबल की बुद्धि की प्रशंसा करने लगे। अकबर अपने सिंहासन से उतरे और बीरबल को गले लगा लिया। इस किस्से से एक शिक्षा मिलती है। बिना मारे-काटे अपने दुश्मन को छोटा कर दो - उसे परास्त कर दो। अपने को उतना ताकतवर बना लो कि तुम्हारा दुश्मन तुम्हारे आगे नतमस्तक हो जाय। है न, यह किस्सा मनोरंजक और शिक्षाप्रद भी। इस प्रकार के किस्से आप इकत्रित कर सकते हैं।

प्रश्न 2. अपने मित्रों के बीच इसी तरह की कोई रोचक कहानी सुनाइए और सुनिए।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।

प्रश्न 3. इस कहानी को एकांकी के रूप में कक्षा में प्रस्तुत कीजिए।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।